>

Title : Need to enhance the special financial package for over all development of Scheduled Castes and Scheduled Tribes Communities in the Country.

**श्री पुन्नूलाल मोहले (बिलासपुर)** केन्द्र सरकार द्वारा 60 वर्षों की आजादी के बाद अभी तक अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के सामजिक, शैक्षणिक, आर्थिक, व्यावसायिक, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पीने के पानी, आवासीय व्यवस्था, व्यावसायिक परीक्षा, ट्राइसेम योजनाएं, नशामुक्ति योजनाएं, कन्या--विवाह योजनाएं, बाल-विवाह रोकने, अनुसूचित जाति-जनजाति अन्याचार निवारण योजना, अम्बेडकर आवास, बाल्मीकि आवास, पीड़ित वर्गो को बीमारी से निजात पाने, धार्मिक स्थलों को पर्यटक स्थल बनाने, सांस्कृतिक विकास संबंधी योजना, उनके पढ़ने हेतु विद्यार्थियों के लिए छात्रावास भवन, मैट्रिक, प्री-मैट्रिक छात्रावास व्यवथा,बेरोजगारों को रोजगार मुहैया कराने, प्रथम श्रेणी से चतुर्थ श्रेणी के सभी अधिकारियों कर्मचारियों के रिक्त पदों की छः माह के अन्दर पूर्ति की जाये तथा विशेष अभियान चलाया जाये। एस.सी/ एस.टी हेतु विभिन्न योजनाएं चलाए जाने के बाद भी समुचित विकास नगण्य है। उनके विकास के लिए दी जाने वाली राशि बहुत कम है। 21वी सदी में पहुंचाने के बाद भी उनकी हालत जैसी की तैसी बनी है। विकास के नाम से मिलन वाली राशि अधिकतर सरकारी व्यवस्था में खर्च की जाती रही है।

केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि अपरोक्त वर्गों के बाहुल्य क्षेत्र राज्य छत्तीसगढ़ एवं अन्य राज्यों झारखण्ड, उड़ीसा, मध्य प्रदेश, बिहार, उत्तर प्रदेश सहित प्रत्येक राज्य को तीन हजार करोड़ रूपय विशेष पैकेज अतिरिक्त दिया जाय तथा विशेष अभियान चलाकर उनका समुचित विकास किया जाय।